श्री कंवर लाल गुप्त : राष्ट्रपति के चुनाव के सम्बन्ध में जो बातचीत चल रही है (व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : That is not on the agenda.

श्री कंवर लाल गुप्त : प्रोप्राइटी की मांग यह है कि जो लोबी में प्रचार हो रहा है कैबिनेट मिनिस्टर्स द्वारा इसको रुकवाया जाय।

SHRI A. S. SAIGAL (Bilaspur) : On a point of order. The subject before the House is something else.

SHRI RANDHIR SINGH : This is all irrelevant. Please do not allow it.

श्री कंवर लाल गुप्त : हाउस और लोबी के अन्दर मन्त्री महोदय प्रचार करें, लीगली चाहें ठीक हो, लेकिन प्रोप्राइटी के हिसाब से गलत है।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : करप्शन इसी तरह से दूर करोगे ?

श्री अमर सिंह सहगल : करप्शन दूर होगा जरूर।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : हमारा कैंडीडेट तो जीतेगा (व्यवधान)

SHRI PILOO MODY : You should adjourn the House and go outside and see for yourself what is happening..... ... *(Interruptions)*.

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : The Jan Sangh have got nervous about the possibility of their candidate, Mr. Sanjiva Reddy, being defeated. *(Interruptions)*.

श्री अब्दुल गनी डार (गुड़गांव) जनाब चेयरमेन साहब, मुझे बड़ी खुशी है कि होम मिनिस्टर साहब एक बहुत ही अच्छा सा बिल लाये है। आप को याद होगा और मेरे साथी जो राज्य सभा में थे, उनको याद होगा कि मुझे कैरो फोबिया कहते थे क्योंकि मैं बारबार इस बात को उठाता था कि ऐब्यूज आफ पावर किसी तरह भी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। कोई भी हो—ही में बी चीफ मिनिस्टर और प्राइम मिनिस्टर—उस वक्त बड़ी मुश्किल आई और मेरे पूज्य नेता पंडित जवाहर लाल जी ने हम को धमकाया डराया और कहा कि नहीं ऐसा नहीं होगा, हमने इनक्वायरी कर ली है और वह निर्दोष है और तुम्हें 36,36 साल के लिये जाना पड़ेगा। हमने कहा मन्जूर है, कोई हर्ज नहीं है। अगर हम मर जायें तो हमारी लाश को भी रखा जाय।

उसके बाद क्या हुआ कि सब आपोजीशन के लीडर्स आचार्य कृपालानी जी की रहनुमाई में प्रेसीडेंट से मिले और रिक्वेस्ट की कि बड़े आदमियों द्वारा जो बड़े पैमाने पर करप्शन होता है, जितना हो सके, उसको चेक किया जाय। इस बारे में कोई संस्था होनी जरूर चाहिये, और लोक पाल का मतलब ही है कि बड़े पैमाने पर जो करप्शन होता है, जितना हो सके उसको चेक किया जाय।

तो जो उस वक्त के प्रेसीडेंट थे, डा० राधाकृष्णन ने, उन्होंने बावजूद इसके कि पंडित जी ने नहीं चाहा, प्रेसीडेंट ने जस्टिस एस०

आर० दास को बैठाया और दास साहब का फैसला पंडित जी के खयाल के उल्टा आया। तो इसीलिये गवर्नमेंट इस मेजर को सामने लायी कि कोई भी हो, चाहे कितना भी बड़े से बड़ा अधिकारी हो, और उनके बारे में अगर लोगों को शिकायत है तो उनको मिलना चाहिये, और हम इंसाफ करना चाहते हैं और अदले जहांगीरी को फिर से लाना चाहते हैं।

सवाल यह पैदा होता है कि हजरत उमर, जो कि दूसरी खिलाफत थी मेजर साहब की, जैसे चन्द्रगुप्त दि ग्रेट थे, अशोक दि ग्रेट थे वैसे ही उमर दि ग्रेट थे, जब वह तकरीर के लिये खड़े हुए तो एक वद्दू उठा, देहाती। उसने कहा तुम तकरीर नहीं कर सकते, खुतबा पढ़ने लगे तो कहा तुम नहीं पढ़ सकते? वह हैरान हो गये कि क्या है। उन्होंने कहा कि क्यों नहीं पढ़ सकते? उन्होंने जवाब दिया तुम इतने लम्बे हो कि जो कुर्त्ता तुमने पहना हुआ है वह एक चादर में नहीं बन सकता। तब फिर तुम्हारा कुर्त्ता कैसे बन गया? इसके माने हैं कि तुम ने अन्याय किया और अपनी खिलाफत का, किंगडम का, अपनी बादशाहत का गलत इस्तेमाल किया। उनका बेटा उठा, जिसका नाम हजरत अब्दुला था, और उसने कहा कि मेरे बाप ने दो चादरें नहीं ली। मुझे जो चादर मिली थी, उनको चूंकि मेरे बाप का कुर्त्ता फटा था, मैंने उनको दे दिया। जो सवाल यहां बहुत से दोस्तों ने उठाया वह यह कि जो प्राइम मिनिस्टर है वह भी उसी लाइन में खड़ी कर दी जाये, जिस क्यू में अब्दुल गनी डार खड़ा हो सकता है। या कोई और बड़े से बड़ा आदमी खड़ा हो सकता है। जब इस सवाल को उठाया गया तभी मैंने सकुंलेशन के लिये कहा। क्योंकि मैं समझता हूं कि करप्शन बहुत दूर पहुंच गया है। अभी यह लोग नाराज हो जायेंगे। जब बहस हो रही थी तब मैंने पंडित जवाहर लाल नेहरू से हंस कर कहा कि मैं क्या करूं, मैं तो आपको बाप मानता हूं, अपना नेता भी मानता हूं लेकिन कल ही बीजू पटनायक 12 लाख रु० और सरदार प्रताप सिंह कैरों 8 लाख रु० जो आपका प्राइवेट ट्रस्ट है उसके नाम पर दे कर गये हैं। मुझ को पता चला है कि बिड़ला, शांति प्रसाद जैन और साहू जैन ने भी 25-25 लाख दिया है। मेरा कहना यह है कि चाहे प्रधान मन्त्री हों; चाहे हम हों या चाहे कोई और मिनिस्टर हो, सब को एक साथ रक्खा जाना चाहिये। किसी को एग्जेम्प्ट नहीं करना चाहिये।

अगर आप इस बात पर आ गये हैं कि हम किसी का लिहाज नहीं करेंगे तो फिर आपको यह भी देखना पड़ेगा कि किस तरह से वह न्याय हो पाये। न्याय के लिये काफी निष्पक्ष आपको होना पड़ेगा। मेरी दिक्कत यह आई कि प्रिविलेज क्लेम किया तो फाइलें सामने नहीं आई। एस० आर० दास जो थे, जो एक्स चीफ जस्टिस थे, वह वहां के वाहिद जज थे। वह फैसला करने वाले थे। उन्होंने कहा कि चूंकि प्रिविलेज मांगा गया है इसलिये फाइलें मेरे सामने नहीं आ सकती थीं क्योंकि मैं मिनिस्टर नहीं हूं, मैं गवर्नमेंट में नहीं हूं; मैं हाई कोर्ट का सबसे बड़ा जज हूं और ट्रीब्यूनल में हूं, लेकिन यह प्रिविलेज का मामला है। प्रिविलेज के बहाने यह फाइलों को दबा ले गये। अगर प्रिविलेज के बहाने से यह मामले को छिपाना चाहते हैं तो लोकपाल का मतलब खत्म हो जाता है क्योंकि फाइलें सामने आयेंगी ही नहीं और कोई भी न्याय नहीं कर पायेगा, भले ही हमारे कम्युनिस्ट भाई ही क्यों नहीं हों। तभी मैंने कहा कि इस बिल को सकुंलेशन के लिए भेजा जाय। यह न्याय के इंटरेस्ट में है कि इसको हम सकुंलेशन में भेजें। अगर बुरा न मानें तो सच बात यह है कि अगले चार दिन देश के लिये काफी गम्भीरता के हैं। काफी मुश्किलात भी पैदा हो सकती हैं, और यह भी हो सकता है कि यह खुद ही सुलझा लें और मुश्किलात पैदा न हों। ईमानदारी की बात यह है कि जब यह बिल सरकार लाई है तब उसको सोचना चाहिये कि मुल्क का क्या होगा, और उस सूरत में न्याय कैसे मिलेगा। आया मुल्क में केवास होगा या मुल्क पूरी मजबूती और ताकत के साथ आगे बढ़ेगा।

[श्री अब्दुल गनी दार]

मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि कांग्रेस के सिवा और कोई ऐसी जमात नहीं है जो मुल्क को सम्भाल सके सिवा इसके कम्युनिस्ट अपनी शक्ति से जबर्दस्ती सम्भालें। उनको मैं कुछ नहीं कहता क्योंकि उनके बड़े हाथ हैं, लेकिन यहां कोई पार्टी और नहीं है जो डिमाक्रेसी की तहत, जम्हूरियत के इस जज्बे को लेकर मुल्क की हुकूमत कर सके। बदनसीबी से वह जमात जादू की गठरी पर अपने को खत्म करने जा रही है। वह जानती नहीं है कि उन के खत्म हो जाने से देश भस्म हो जायेगा। अगर यह बात उनके मन में आ जाये—न्याय की बात हमारे सामने है।

मैं हुकूमत में नहीं हूं, लेकिन मैंने उनको अपनी बीवी दी, बच्चे दी, भतीजी दी, जवानी दी, अपना खून दिया, अपना पैसा दिया, चूंकि यह हमारे प्यार हैं और इस वक्त हुकूमत में हैं, इसलिये कह रहा हूं कि अगर आज कंवर लाल गुप्त का प्रिविलेज मोशन नहीं लिया तो न लो, लेकिन मैं आप के जरिये से दरख्वास्त करता हूं कि लड़ने से पहले हजार बार सोचो कि क्या अपनी जाती इज्जत के लिये गनी लड़ जाय या देश की इज्जत के लिये लड़ जाय। हर एक के दिल में यह बात होनी चाहिए। मैं न्याय की बात कह रहा हूं। यह न्याय इतने बड़े युद्ध में नहीं आ रहा है। जब देश की किस्मत का फैसला हो रहा है तो न्याय कैसे आयेगा? मैं इस बात पर कह रहा हूं मुझे कोई तकलीफ नहीं है। कम्युनिस्ट भाई कहते हैं कि ...(व्यवधान)...

एक माननीय सदस्य : बिल पर बोलो।

श्री अब्दुल गनी दार : बिल पर ही तो बोल रहा हूं। न्याय कैसे मिलेगा। उन्होंने हंस कर कहा कि तुम्हारे उन संघ का उम्मीदवार जो रेड्डी है वह हार जायेगा। मुझे शर्म आई, मैं डूब कर मर गया। मैंने कांग्रेस में चालीस बरस लगाये।

श्री ओम प्रकाश त्यागी : हमारा उम्मीदवार देशमुख है।

श्री अब्दुल गनी दार : आप ने नहीं इन्होंने कहा। कौन कहने वाले थे? मेरे भाई जिन्होंने नामजद किया है। मैंने नामजद नहीं किया है, उन्होंने नामजद किया है। इस तरह का ताना देना...

AN HON. MEMBER : How is it relevant to this Bill ?

SHRI ABDUL GHANI DAR : It is relevant only that the Prime Minister should be there in the queue.

यह बात मैं इसलिये कह रहा हूं कि आज प्राइम मिनिस्टर अपनी जगह से हट रही हैं, उनको इसी पर रहना चाहिये ...(व्यवधान)... वह जान बूझ कर छेड़ते हैं तब मुझ को कहना पड़ा।

मैं आपके जरिये से कहना चाहता हूं कि मैं मुल्क के इंटरैस्ट में अपील करूंगा, मुझे तरीके से कुछ मिलने वाला नहीं है। अगर देशमुख आ जाये तो कुछ मिलने वाला नहीं है और अगर संजीव रेड्डी आ जाय तो कुछ मिलने वाला नहीं है, लेकिन अगर देश की एकता कायम रहती है तो सिवा कांग्रेस के और कोई उसको नहीं रख सकता है इस वक्त। कल को शायद कोई और भी आगे आ जाये। इसलिये मैं कहता हूं कि अगर न्याय देना है तो पहले अपने में एकता कायम करो। अगर तुम डूब जाओगे तो मुल्क डूब जायेगा।

[شری عبدالغنی ڈار (گوڑگانوہ)۔ جناب چیرمین صاحب مجھے بڑی خوشی ہے کہ ہم ہوم منسٹر صاحب ایوان میں ہی اچھا بول لائے۔ آپ کو یاد ہوگا کہ میرے ساتھی جو راج سبھا میں تھے ان کو یاد ہوگا کہ مجھے بھی برداشت نہیں کیا جاسکتا۔ کوئی بھی ہو۔ یہی سے ان چیف منسٹر اور پرائم منسٹر اس وقت بڑی مشکل آئی اور میرے پوجیہ نیتا پنڈت جواہر لال جی نے ہم کو ڈرایا دھمکایا اور کہا کہ نہیں ایسا نہیں ہوگا۔ ہم نے جانچ کری ہے اور وہ بے گناہ ہے اور اگر ہم مر بھی جائیں تو ہماری لاش کو بھی رکھا جائے۔

یا کوئی اور بڑے سے بڑا آدمی کھڑا ہو سکتا ہے جب ایسا سوال کو اٹھایا گیا تبھی میں نے سرکولیشن کے لئے کہا۔ کیونکہ میں سمجھتا ہوں کہ کرپشن بہت دور تک پہنچ گیا ہے۔ ابھی یہ لوگ ناراض ہو جائیں گے۔ جب بھٹ ہو رہی تھی تب میں نے جواہر لال نہرو سے ہنس کر کہا کہ میں کیا کروں میں تو آپ کو باپ مانتا ہوں۔ اپنا نیتا جی مانتا ہوں لیکن کل ہی بجو پٹنائیک نے ۲۱ لاکھ روپے اور سردار پرتاپ سنگھ کیرون نے ۸ لاکھ روپے جو آپ کا بنایا ٹرسٹ ہے اس کے نام پر دیئے گئے ہیں۔ مجھ کو پتہ چلا ہے کہ بڑلا شانتی پرشاد جین اور ساہو جین نے بلو ۲۵،۲۵ لاکھ دیا ہے۔ میرا کہنا یہ ہے کہ چاہے پردھان منتری ہوں۔ چاہے ہم ہوں یا چاہے کوئی اور منسٹر ہو سب کو ایک سا فٹ رکھا جانا چاہئے۔ کسی کو ایگزیمپٹ نہیں کرنا چاہیئے۔

اگر آپ اس بات پر آ گئے ہیں کہ ہم کسی کا لحاظ نہیں کریں گے تو پھر آپ کو یہ بھی دیکھنا پڑے گا کہ کس طرح سے

وہ نیائے ہو پائے۔ نیائے کے لئے کافی نشچکش آپ کو ہونا پڑے گا۔ میری وقت یہ آئی کہ پریویلیج کلیم کیا تو فائلیں سامنے نہیں آئیں۔ ایسی اردلی جو تھے جو ایکس چیف جسٹس تھے وہ وہاں کے واحد جج تھے۔ وہ فیصلہ کرنے والے تھے۔ انھوں نے کہا کہ چونکہ پریویلیج مانگا گیا ہے اس لئے فائلیں میرے سامنے نہیں آ سکتی تھیں کیونکہ میں منسٹر نہیں ہوں میں گورنمنٹ میں نہیں ہوں۔ میں ہائیکورٹ کا سب سے بڑا جج ہوں اور ٹربونل میں ہوں لیکن یہ پریویلیج کا معاملہ ہے۔ پریویلیج کے بہانے یہ فائلوں کو دبا لے گئے اگر پریویلیج کے بہانے سے یہ معاملہ کو چھپانا چاہتے ہیں تو تو کمال کا مطلب ختم ہو جاتا ہے کیونکہ فائلیں سامنے آئینگی

ہی نہیں اور کوئی بھی نیائے نہیں کروا پائے گا بھلے ہی ہمارے کمپونسٹ بھائی ہیں کیوں نہ ہوں تبھی میں نے کہا کہ اسی بل کو سرکولیشن کے لئے بھیجا جائے۔ یہ نیائے کہ انسٹرکشن میں ہے کہ اس کو سمر سرکولیشن میں بھیجیں۔ اگر پرانے مانیں

اس کے بعد کیا ہوا کہ سب اپوزیشن کے لیڈرس آ جاتے کرپلانی جی کی رہنمائی میں پریذیڈنٹ سے ملے اور ریکویسٹ کی کہ بڑے آدمیوں دوارا جو بڑے پیمانے پر کرپشن ہوتا ہے جتنا ہو سکے۔ اس کو چیک کیا جائے۔ اس بارے میں کوئی سنستھا فرض ہونی چاہیئے اور لوک پال کا مطلب ہی ہے کہ بڑے پیمانے پر جو کرپشن ہوتا ہے۔ جتنا ہو سکے اس کو چیک کیا جائے۔

تو جو اس وقت کے پریذیڈنٹ تھے رادھا کرشنن انھوں نے باوجود اس کے کہ پنڈت جی نے نہیں چاہا جسٹس ایس آر داس کو بٹھایا اور داس صاحب کا فیصلہ پنڈت جی کے خیال کے الٹ آیا۔ اس لئے سرکار اس میٹر کو سامنے لائی کہ چاہے کوئی کتنا بھی اونچے سے اونچا حاکم ہو اگر اس کے بارے میں لوگوں کو شکایت ہے تو اس کی جانچ ہونی چاہیئے اور لوگوں کو انصاف ملنا چاہیئے۔ ہم انصاف کرنا چاہتے ہیں اور عدل جہانگیری کو پھر سے لانا چاہتے ہیں

سوال یہ پیدا ہوتا ہے کہ حضرت عمر۔ جو کہ دوسری خلافت تھی پیغمبر صاحب کی جیسے چندر گپت گریٹ تھے۔ اشوک دی گریٹ تھے ویسے ہی عمر دی گریٹ تھے۔ جب وہ تقریر کے لئے کھڑے ہوئے تو ایک بدو اٹھا۔ دیہاتی اس نے کہا تم تقریر نہیں کر سکتے۔ خطبہ پڑھنے لگے تو کہا تم نہیں پڑھ سکتے۔ انھوں نے جواب دیا تم اتنے لمبے ہو کہ جو کرتہ تم نے پہنا ہوا ہے وہ ایک چادر میں نہیں بن سکتا تب پھر تمہارا کرتا کیسے بن گیا اس کے معنی ہیں کہ تم نے انیائے کیا اور اپنی خلافت کا اور اپنی بادشاہت کا غلط استعمال کیا۔ ان کا بیٹا اٹھا۔ جس کا نام حضرت عبداللہ تھا اور اس نے کہا کہ میرے باپ نے دو چادریں نہیں لیں۔ مجھے جو چادر ملی تھی اس کو چونکہ میرے باپ کا کرتہ چھوٹا تھا میں نے ان کو دے دیا۔ جو سوال یہاں بہت سے دوستوں نے اٹھایا وہ یہ کہ جو پرائم منسٹر ہیں وہ بھی اسی لائن میں کھڑے کر دیئے جائیں۔ جس میں کہ عہدہ فنی ڈاکٹر ہو سکتا ہے۔

شری عبدالغنی ڈار: بل پر ہی تو بول رہا ہوں نیا ئیے کیسے ملے گا۔ انھوں نے ہنس کر کہا کہ تمہارے جن سنگھ کا اُمیدوار جو ریڈی ہے وہ ہار جائے گا۔ مجھے شرم آئی۔ میں ڈوب کر مر گیا۔ میں نے کانگریس میں چالیس برس لگائے۔

شری اوم پرکاش تیاگی۔ ہمارا امیدوار دیش مکھ ہے

شری عبدالغنی ڈار: آپ نے نہیں۔ انھوں نے کہا۔ کون کہنے والے تھے۔ میرے بھائی جنہوں نے نامزد کیا ہے۔ میں نے نامزد نہیں کیا ہے۔ انھوں نے نامزد کیا ہے۔ اس طرح کا تھا۔

AN HON. MEMBER: How is it relevant to this Bill?

SHRI ABDUL GHANI DAR: It is relevant only that the Prime Minister should be there in the queue.

یہ بات میں اس لئے کہہ رہا ہوں کہ آج پرائم منسٹر اپنی جگہ سے ہٹ رہی ہیں۔ اپنے مقام سے بالکل الگ ہو رہی ہیں۔ ڈیما کریسی کو تباہ کر رہی ہیں۔ ان کو اس رہنا چاہئے، بودھان، وہ جان بوجھ کر چھیڑتے ہیں تب مجھ کو کہنا پڑا۔

میں آپ کے ذریعہ سے کہنا چاہتا ہوں کہ میں ملک کے انٹرسٹ میں اپیل کروں گا۔ مجھے ذاتی طریقے سے کچھ ملنے والا نہیں ہے۔ اگر دیش مکھ چاہے تو کچھ ملنے والا نہیں ہے اور اگر سنجیو ریڈی چاہے تو کچھ ملنے والا نہیں ہے۔ لیکن اگر دیش کی ایکتا قائم رکھنی ہے تو سوا کانگریس کے اور کوئی اس کو نہیں رکھ سکتا ہے۔ اس وقت۔ کل کو شائد کوئی اور بھی آجائے اس لئے میں کہتا ہوں کہ اگر شیا ئے دینا ہے تو پہلے اپنے میں ایکتا قائم کرو۔ اگر تم ڈوب جاؤ گے تو ملک ڈوب جائے گا۔

تو سچ بات یہ ہے کہ اگلے چار دن دیش کے لئے کافی کمبھیر تا کے ہیں۔ کافی مشکلات بھی پیدا ہو سکتی ہیں اور یہ بھی ہو سکتا ہے کہ جب یہ بل سرکار لائی ہے تب اس کو سوچنا چاہئے۔ کہ ملک کا کیا ہوگا اور اس صورت میں نیائے کیسے ملے گا۔ آیا ملک میں کیاس ہو گا یا ملک پوری مضبوطی اور طاقت کے ساتھ آگے بڑھے گا۔

میں دعویٰ کے ساتھ کہہ سکتا ہوں کہ کانگریس کے سوا اور کوئی ایسی جماعت نہیں ہے جو ملک کو سنبھال سکے سوا اس کے کمیونسٹ اپنی طاقت سے زبردستی سنبھالیں۔ ان کو میں کچھ نہیں کہتا کیونکہ ان کے بڑے ہاتھ ہیں۔ لیکن یہاں کوئی پارٹی اور نہیں ہے جو ڈما کریسی کی تحت جمہوریت کے اس جذبہ کو لے کر ملک کی حکومت کر سکے۔ بدنصیبی سے وہ جماعت جاود کی گھڑی پر اپنے کو ختم کرتے جا رہی ہے۔ وہ جانتی نہیں ہے کہ ان کے ختم ہو جانے سے دیش ختم ہو جائیگا اگر یہ بات ان کے من میں آجائے۔ نیائے کی بات ہمارے سامنے ہے۔ بس حکومت میں نہیں ہوں لیکن میں نے ان کو اپنی بیوی دی۔ بچی دی۔ جوانی دی۔ اپنا خون دیا اپنا پیسا دیا چونکہ یہ ہمارے پیارے ہیں

اور اس وقت حکومت میں ہیں۔ اس لئے کہہ رہا ہوں کہ اگر آج کنور لال گپتا کا پریلو یلیج موشن نہیں لیا تو نہ لو۔ لیکن میں آپ کے ذریعہ سے درخواست کرتا ہوں کہ لڑنے سے پہلے ہزار بار سوچو کہ کیا اپنی ذاتی عزت کے لئے غنی لڑ جائے یا دیش کی عزت کے لئے لڑا جائے۔ ہر ایک کے دل میں یہ بات ہونی چاہیئے میں نیائے کی بات کہہ رہا ہوں۔ یہ نیائے اتنے بڑے یودھ میں نہیں آرہا ہے۔ جب دیش کی قسمت کا فیصلہ ہو رہا ہے تو نیائے کیسے آئے گا۔ میں اس بات پر کہہ رہا ہوں کہ مجھے کوئی تکلیف نہیں ہے کمیونسٹ بھائی کہتے ہیں کہ 'یودھان' ایک مانیہ سدسیہ۔ بل پر بولو

MR. CHAIRMAN : Shri Yogendra Sharma.

SHRI RANDHIR SINGH : Sir, we also gave our names. We want to say something. Congress Members also want to say something on this. They are getting 80% of the time.

MR. CHAIRMAN : One here, one there, and one this side, unattached Member also. One unattached, and then I come to this side.

AN HON. MEMBER : It should be one from the opposition, one from the Congress.

SHRI RANDHIR SINGH : We don't interfere in your discretion, Sir.

MR. CHAIRMAN : Shri Yogendra Sharma.

श्री योगेन्द्र शर्मा (बेगुसराय) : सभापति महोदय, जो बिल हमारे सामने है मैं उसका आम तौर पर समर्थन करता हूं। लेकिन जब मैं आम तौर पर उस का समर्थन करता हूँ तो हमें इस बात का कोई भ्रम, गम नहीं है कि इस बिल से भ्रष्टाचार का अन्त हो जायेगा, क्योंकि हम जानते है कि भ्रष्टाचार का अन्त तब तक नहीं हो सकता जब तक उत्पादन के साधन और वितरण के स्वामित्व के सम्बन्ध में व्यक्तिगत स्वामित्व की जगह सामाजिक स्वामित्व व्यवस्था की स्थापना नहीं हो जाती। तब तक भ्रष्टाचार का उन्मूलन नहीं हो सकता।

हम यह भी जानते हैं कि आज भ्रष्टाचार सर्वग्रासी, सर्वगत और सर्व व्याप्त हो चुका है उसको हम कम भी नहीं कर सकते हैं जब तक प्रशासन और आर्थिक इजारेदारी की जो मिलीभगत है, उसका अन्त नहीं होता है। फिर भी हम इस बिल का समर्थन करते हैं इसलिए कि इस बिल में इस बात की व्यवस्था की गई है कि एक ऐसा पद स्थापित किया जाएगा जिससे आम लोगों की जो शिकायतें हैं प्रशासन के अन्याय के विरुद्ध, पक्षपात तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध उनको लेकर उनको किसी मशीनरी के पास पहुंचने का मौका मिलेगा। हमारे देश की जनता चाहे शासक दल के पीछे हो या विरोधी दल के पीछे, उसकी सबसे बड़ी शिकायत यह है कि प्रशासन से जो उसके साथ अन्याय होता है, पक्षपात होता है, उसकी सुनवाई कहीं नहीं है। सुनवाई की जो वर्तमान व्यवस्था है यह ऐसी व्यवस्था है कि वहां तक वह पहुंच नहीं सकती है। इस वास्ते जो लोकपाल और लोकायुक्त की व्यवस्था की गई है और जिसके पास सभी लोग अपनी शिकायतें, अपने अभियोग लेकर जा सकेंगे यह एक उचित कदम है। वहां उनकी शिकायतों की जांच हो सकेगी।

आज हालत क्या है ? कुछ दिन पहले, कल या परसों इसी सदन में हम लोगों ने प्रशासनिक भ्रष्टाचार का सवाल उठाया था मैसूर के भूतपूर्व मुख्य मंत्री जो आजकल कांग्रेस पार्टी के सभापति हैं, उनके खिलाफ और इस सभा के सदस्य श्री एस० के० पाटिल के खिलाफ। बड़े संगीन आरोप यहां पर उनके विरुद्ध लगाये गये थे। लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हुई। अब जो लोकपाल की व्यवस्था की जा रही है उससे यह आशा होती है कि इस तरह के आरोपों की सुनवाई हो सकेगी, फिर चाहे फैसला कुछ भी हो। एक मशीनरी तो कायम की जा रही है जो इन आरोपों की जांच करेगी।

हम लोगो के बहुत से संशोधनों को शुक्ल जी और चव्हाण जी ने ज्वायंट सिलेक्ट कमेटी में स्वीकार किया और उनके कारण यह बिल कुछ अच्छा हुआ भी है। लेकिन फिर भी इसमें त्रुटियां रह गई हैं। उनके सम्बन्ध में भी हमारे जो संशोधन थे, वे अगर स्वीकार कर लिये जाते तो यह बिल और भी अधिक अच्छा हो जाता।

शुक्ल जी ने इस बिल को पेश करते हुए बहुत सही कहा है कि लोकपाल ऐसा होना चाहिये जिस पर पूरे राष्ट्र का विश्वास हो। ज्वायंट कमेटी में जितनी भी गवाहियां आईं उन गवाहियों में भी इस बात पर बल दिया गया था कि इस नए प्रयोग की सफलता इस पर निर्भर करती है कि जो लोकपाल होगा, वह किस हद तक जनता

[श्री योगेन्द्र शर्मा]

का आम विश्वास प्राप्त करता है। हमें अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये जो बिल में लोकपाल के चुनाव की व्यवस्था की गई है उससे उद्देश्य पूरा नहीं होगा। यह कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस और अपोजीशन पार्टी का नेता या अपोजीशन पार्टीज में से एक व्यक्ति जो स्पीकर द्वारा चुना जाए, उनसे विचार विमर्श करके यह नियुक्ति की जाएगी। इस व्यवस्था से कैसे राष्ट्रीय विश्वास पैदा होगा? विरोधी दलों की जो हालत है और शासक दल की भी जो हालत है, वह किसी से छिपी हुई नहीं है। विरोधी दल वाले कौन राष्ट्रपति और कौन उपराष्ट्रपति हो इस पर भी एक मत नहीं हो सके हैं। विरोधी दलों के किसी एक व्यक्ति से विचार विमर्श करने की जो व्यवस्था आपने की है, वह विरोधी दलों को आपस में लड़ाने वाली व्यवस्था है। आठ दस विरोधी दल मान्यता प्राप्त विरोधी दल हैं। सभी विरोधी दलों के नेताओं से परामर्श करने के बाद ऐसा करने में आपको क्या आपत्ति है? दोनों सदनों के दस व्यक्तियों से सलाह मुश्विरा करने में कोई नुकसान नहीं है, एक्सचेंकर का ज्यादा खर्चा नहीं होता है। उससे लाभ यह होता है, कि जिस किसी को भी लोकपाल बनाया जाएगा उसको पूरे राष्ट्र का विश्वास प्राप्त होगा। लेकिन ऐसा न करके आप एक अवास्तविक व्यवस्था करना चाहते हैं और विरोधी दलों को आपस में लड़ाना चाहते हैं।

हमारे समाज की परम्परागत काली चीजें हैं और जो अभी भी कायम हैं, वे लोगों की शिकायतों का एक बहुत बड़ा आधार हैं। साम्प्रदायिकता और जातीयता के आधार पर प्रशासनिक पक्षपात होता है, नौकरियों में, सेवाओं में, छोटे मोटे कामों में, ठेकों में, नाम लिखाने के सिलसिले में, छात्रवृत्तियों के सिलसिले में, तरह-तरह की चीजों में, गांव पंचायत के चुनाव से लेकर उच्च चुनाव तक पक्षपात होता है। ऐसे अभियोग और ऐसी शिकायतें भी इसके दायरे में आ सके, यह भी आपको व्यवस्था करनी चाहिये और इसका दायरा आपको विस्तृत करना चाहिये। साम्प्रदायिकता और जातीयता के आधार पर जो पक्षपात होता है वह भी इसके दायरे में आप लें। ऐसा यदि आपने किया तो सही मानों में इस बिल में एक बहुत अच्छा सुधार आप करेंगे।

एक बात काफी विवादास्पद सिद्ध हुई है। इस पर कमेटी में भी काफी चर्चा हुई है। वह प्रधान मन्त्री को भी लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में लाने के बारे में थी। इसके खिलाफ शुक्ल जी ने जो अभी तर्क दिये हैं वे ऐसे नहीं है जिन को स्वीकार किया जा सके। यह सही है कि प्रधान मन्त्री का पद दूसरे मंत्रियों के मुकाबले में कुछ भिन्न है। लेकिन फिर भी प्रधान मन्त्री सरकार का एग्जेक्टिव हैड होता है और इस कारण से जनता को उसके विरुद्ध भी शिकायतें हो सकती हैं। उस अवस्था में प्रधान मन्त्री को आप कैसे बरी कर सकते है। पिछले दिनों का हमारा तजुर्बा यह बताता है कि राज्यों के मुख्य मंत्री भ्रष्टाचार के सबसे बड़े पोषक के रूप में हमारे सामने आये हैं। तीन-तीन मुख्य मंत्रियों के विरुद्ध भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये हैं। अभी मैसूर के एक भूतपूर्व मुख्य मन्त्री के खिलाफ गम्भीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये गये हैं। यदि उनकी जांच हो तो पता नहीं उनका क्या होगा। ऐसी हालात में यदि प्रधान मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो और लोकपाल की ओर से इनवेस्टीगेशन के सिलसिले में एक प्राइमा फेसाई आधार तैयार कर लिया गया हो तो प्रश्न यह पैदा होता है कि उसके सिलसिले मे कम्पीटेंट आथोरिटी कौन हो। जो यह दिक्कत उन्होंने पेश की है इसको भी दूर किया जा सकता है। कम्पीटेंट आथोरिटी लोक सभा हो। यदि लोकपाल अपनी इनवैस्टीगेशन के

द्वारा इस नतीजे पर पहुंचे कि हां, प्राइमा फेसाई केस मौजूद है तो वह चीज लोक सभा में आनी चाहिये और लोक सभा को उसके बारे में फैसला करना चाहिये। प्रधान मन्त्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप हों तो वह सरकार नहीं रह सकती है। सरकार का बनना और उसका बदलना लोक सभा की मर्जी से होता है। इसलिए उसके सिलसिले में कम्पीटेंट आथारिटी लोक सभा हो और यह व्यवस्था हम कर दें तो बिल में एक बहुत अच्छा सुधार हो जाएगा।

पूरे बिल की सफलता और सार्थकता इस बात पर निर्भर करती है कि लोकपाल की इंटेग्रटी में किसको किसी प्रकार का सन्देह न हो और साथ ही साथ उसको जनता का विश्वास प्राप्त हो। इसके लिए यह आवश्यक है कि लोकपाल पक्षपात रहित हो कर काम करे, निर्भीकतापूर्वक काम करे। इसके लिए इतना ही पर्याप्त नहीं है कि लोकपाल की अवधि समाप्त हो जाने के बाद किसी सरकारी पद पर या सरकारी नौकरी में न रहे। इसके साथ-साथ यह भी व्यवस्था होनी चाहिये कि वह किसी बिग बिजिनेस हाउस या किसी खानगी कम्पनी में भी नौकरी न करे। हम आज क्या देख रहे हैं। हमारे देश के जो आडिटर जनरल रह चुके हैं, उन्होंने आडिट जनरली खत्म करने के बाद एक बिग बिजनेस हाउस में जा कर नौकरी कर ली। जो हमारे देश के सबसे उच्च अधिकारी हैं उनकी आंख लगी रहे बिड़ला और टाटा की कम्पनियों की तरफ, उनमें नौकरी प्राप्त करने की तरफ तो कैसे वह पक्षपातहीन हो कर काम कर सकता है। इस बिल में यह व्यवस्था होनी चाहिये कि जो लोकपाल होगा वह न केवल सरकारी नौकरी से, सरकारी कम्पनी में नौकरी करने से वंचित रहेगा बल्कि बिग बिजिनेस हाउसिस की जो कम्पनियां हैं, उनमें नौकरी करने से भी वह वंचित रहेगा।

यदि सरकार ऐसा नहीं करती है, तो फिर लोकपाल की आखें इस तरफ लगी रहेंगी कि लोकपाल के पद की अवधि समाप्त होते ही वह टाटा या बिड़ला आदि की किसी कम्पनी में चला जाये। आप जायंट सिलेक्ट कमेटी के सभापति थे। आप को याद होगा कि जब हमने इस सवाल को उठाया, तो गृह मन्त्री, श्री चव्हाण, ने कहा कि वह कमायेगा खायेगा कैसे, उसकी रोजी कैसे चलेगी, हम उसको पेन्शन भी नहीं दे रहे हैं, इसलिए हम यह व्यवस्था कर रहे हैं। लेकिन इस बिल में पेन्शन की व्यवस्था की गई है। इसलिए गृह मन्त्री की वह दलील खत्म हो जाती है। गृह मन्त्री का कहना था कि चूंकि लोकपाल के लिए पेन्शन की व्यवस्था नहीं की जा रही है, इसलिए पद-निवृत्ति के बाद उस के निजी कम्पनी में जाने पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया जा रहा है। अब चूंकि पेन्शन की व्यवस्था हो गई है, इसलिए इस विधेयक की वर्तमान व्यवस्था नहीं रहनी चाहिए।

मुझे आशा है कि गृह मन्त्री इस विधेयक में इस संशोधन को स्वीकार कर लेंगे कि लोकपाल को पद-निवृत्ति के बाद न केवल सरकारी नौकरी से, बल्कि निजी कम्पनियों में नौकरी करने से भी वंचित रखा जाये। इस संशोधन से इस विधेयक का सीमित उद्देश्य एक हद तक सार्थक, सिद्ध और सफल होगा।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक): सभापति महोदय, मैं सरकार को और होम मिनिस्टर साहब को, यह बिल लाने के लिए मुबारकबाद देता हूं। इसके लिए एक दैरीना मांग थी और इसकी बड़ी भारी जरूरत थी, जिसको उन्होंने पूरा किया है। असल में आज सारे देश में अखलाकी तौर पर करप्शन और रिश्वतखोरी—नकदी की रिश्वत, मिठाई, कपड़े और पेट्रोल की रिश्वत, न जाने कितने किस्म के रिश्वत—फैल गई है, जिसकी रोक-थाम के लिए मुनासिब कदम उठाना निहायत जरूरी है।

मैं महसूस करता हूं कि यह कानून स्टेट्स में भी लागू होना चाहिए। यह बिल सेंटर और चार-पांच छोटी छोटी यूनियन टेरीटरीज के लिए लाया गया है। मुझे इस बिल के प्राविजन्ज में कहीं भी यह नजर नहीं आया कि स्टेट्स, जो देश का इतना बड़ा हिस्सा हैं, किस

[श्री रणधीर सिंह]

तरह इस से फायदा उठायेंगी। मैं चाहूँगा कि इसमें ऐसा प्रोविजन किया जाये कि यह कानून जल्द से जल्द तमाम स्टेट्स पर भी एप्लीकेबल हो।

मैं जायंट सिलेक्ट कमेटी की इस रीकमेंडेशन की पूरे जोर से ताईद करता हूं कि प्राइम मिनिस्टर और आपोजीशन के नेता के सलाह मश्वरे से लोकपाल की एपायंटमेंट की जायेगी। इससे किसी को यह कहने का मौका नहीं मिलेगा कि कोई एपायंटमेंट पोलीटिकल बेसिस पर की गई है। इस प्राविजन के खिलाफ जो दलीलें दी गई हैं, मुझे उनमें कोई वजन नजर नहीं आता है।

यह ठीक बात है कि प्राइम मिनिस्टर को इस कानून के अतलाक से बरी रखा गया है। हमारे कुछ दोस्तों ने कहा है कि प्राइम मिनिस्टर भी तो ह्यूमैन बीयंग है। लेकिन जो आदमी लोकपाल मुकर्रर किया जायेगा, वह कोई खुदा तो नहीं है, वह भी तो ह्यूमैन बीयंग ही है। मैं इस ख्याल से इत्तिफाक नहीं करता हूँ कि एक पब्लिक सरवेंट को इतना बड़ा बना दिया जाये कि वह किसी प्राइम मिनिस्टर या चीफ मिनिस्टर की गर्दन दबोच दे। एक प्राइम मिनिस्टर या चीफ मिनिस्टर की गर्दन करोड़ों आदमियों की गर्दन है। मैं चाहूँगा कि अगर यह कानून स्टेट्स पर लागू किया जाये, तो चीफ मिनिस्टर को इसके अतलाक से निकाल लिया जाये। आखिर लोकायुक्त कोई खुदा नहीं है। हो सकता है कि उसको किसी शख्स के खिलाफ प्रेजुडिस हो जाये, वह फितरत से किसी पार्टी के खिलाफ हो जाये और वह किसी बात को लेकर चीफ मिनिस्टर और स्टेट गवर्नमेंट की पोजीशन को खतरे में डाल दे। अगर प्राइम मिनिस्टर के खिलाफ कोई बात हो तो प्रैजिडेंट और यह हाउस मौजूद है। ऐसी सैकड़ों मिसालें हैं कि किसी छोटी सी बात के लिए लोगों ने अपने ओहदे छोड़ दिये। मेरी समझ में नहीं आता कि इस बारे में हमारे दोस्तों को क्यों परेशानी हो रही है।

पिछली डीबेट में श्री शुक्ल ने कहा था कि हम मिनिस्टर्ज को इस कानून के परब्यू में लाने के बारे में सोचेंगे। मैं कहना चाहता हूं कि यह कांग्रेस गवर्नमेंट ही इतनी पाक और ईमानदार है, जिसका स्टैंडर्ड इतना ऊंचा है, कि वह मिनिस्टर्ज को पब्लिक सरवेंट की डेफिनीशन में लाने के लिए तैयार है। इस हाउस में जो वकील हैं, वे जानते हैं कि आई० पी० सी० में पब्लिक सरवेंट की डेफिनीशन में मिनिस्टर नहीं आते हैं। इसलिए मैं होम मिनिस्टर साहब को शाबाश देता हूँ कि वह मिनिस्टरों को भी इसमें ले आये हैं।

अंग्रेज कहता था कि रिश्वत लो, लेकिन होशियारी से लो अब भी रिश्वत की वही शक्ल कायम है। अफसर या दूसरे सरकारी मुलाजिम बड़ी होशियारी से रिश्वत लेते हैं। लकिन इसमें सिर्फ अफसरों का ही कुसूर नहीं है, बल्कि पब्लिक का भी कुसूर है। मैंने देहात में लोगों को कहते सुना है कि जो अफसर रिश्वत लेता है, वह अच्छा है, आखिर वह काम तो कर देता है, उस अफसर को क्या करेंगे, जो रिश्वत भी न ले और काम भी न करे। इसलिए रिश्वत लेने वाले और देने वाले दोनों ही कुसूरवार हैं।

मैं समझता हूँ कि इस बिल के पास होने से देश का मारेल ठीक होगा। आज हालात यह हो रही है कि बी० एड० या बी० टी० में दाखले के लिए पांच सौ या एक हजार रुपये रिश्वत देनी पड़ती है। एजूकेशन डिपार्टमेंट में प्राइमरी टीचर के तबादले के लिये दो सौ रुपये और बी० टी० टीचर के तबादले के लिये पाँच सौ रुपय रिश्वत ली जाती है। इसी तरह से छोटे टीचर की नौकरी पाने के लिए पांच सौ रुपये और बी० टी० टीचर की नौकरी के लिए एक हजार रुपये की रिश्वत देनी पड़ती है। ये

सब रकमें बंधी हुई हैं। जितना ज्यादा पैसा दिया जायेगा, उतना बढ़िया काम होता है।

रेवेन्यू आफिसर्ज के यहां म्युटेशन, दाखिल खारिज, के मुकदमात होते हैं। दोनों तरफ के वकील चिल्लाते रहते है। लेकिन जो रुपया दे देता है, उसके हक में फैसला हो जाता है।

इतना ही नहीं, छोटे म्यूनिसिपल एम्पलाई गरीब हरिजन बाल्मीकी, को झाड़ू देने की नौकरी के लिए पंद्रह रुपये रिश्वत देनी पड़ती है।

जो दुकानदार एडल्ट्रेशन करते हैं, उन से भी रिश्वत ली जाती है। जो दुकानदार दूध दही बेचते हैं, उनमें से छोटी दुकान के पचास रुपये माहवार, बड़ी दुकान के दो सौ से लेकर पांच सौ रुपये तक माहवार बंधे हुए हैं। डेढ़ सौ रुपये पाने वाले सैनिटरी इंसपेक्टर को कई-कई हजार रुपये माहवार की रिश्वत मिलती है और दिल्ली में उसके बंगले और कोठियां हैं। हमारे देश की हालत इतनी खराब हो गई है कि कोई ऐसा स्फीयर या शोबा नहीं है, जहां करप्शन नहीं है।

अगर कोई हरिजन पांच सौ रुपये का लोन ले, तो उसे दो सौ रुपये रिश्वत में देने पड़ते हैं। अगर कोई किसान ट्यूबवेल के लिए तीन हजार रुपये का लोन ले, तो उसे एक हजार रुपये की रिश्वत देनी पड़ती है। पम्पिंग सेट के लिए बिजली के कनेक्शन के लिए पांच सौ रुपये खर्च होते हैं और सौ रुपया रिश्वत में देना पड़ता है। अगर कोई शराब की दुकान खोलना चाहे, तो एक्साइज का इंसपेक्टर कहता है कि मुझे भी हिस्सेदार बनाओ, वर्ना ठेका नहीं मिलेगा। दिल्ली में पेट्रोल पम्प के लिए चालिस हजार रुपये और देहात में दस हजार रुपये देने होते हैं। नीचे से लेकर ऊपर तक रुपये बंधे हुए हैं और सबको यह पता है। अगर किसी परमिट से पचास हजार रुपये का मुनाफा होता है, तो पच्चीस हजार रुपये देने पड़ते हैं।

यही नहीं, किसान को पानी भी बेचा जाता है। अगर तंग मोरी हो, तो सौ रुपये, अगर चौड़ी मोरी हो, तो पांच सौ रुपये और अगर ज्यादा चौड़ी मोरी हो, तो एक हजार रुपये देने पड़ते हैं। इस तरह किसान को लूटा जाता है। इसी तरह पी० डबलयू० डी० में मकानों के कंस्ट्रक्शन में चालीस परसेंट रिश्वत ली जाती है और बाकी साठ परसेंट में जिस तरह के मकान बनाये जायेंगे, वह तो आप जानते ही हैं।

करप्शन ने इस देश को खा लिया है। ऋषियों-मुनियों का यह देश और इसकी इतनी बदनामी हो रही है। खैर, देर आयद, दुरुस्त आयद। देर से ही सही, गवर्नमेंट ने यह इन-क्लाबी कदम उठाया है, इसलिए मैं उसका मशकूर हूं।

मैं चाहूंगा कि इस कानून को सिर्फ यूनियन टेरीटरीज में ही नहीं बल्कि सारे हिन्दुस्तान में, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश में और बंगाल और केरल में, जहां कहते है कि बहिश्त आ गई है, उसको लागू किया जाये। इसका बहुत अच्छा असर होगा।

मैं पूरे जोर से इस बिल की ताईद करता हूं और मैं अपने दोस्तों से भी कहूंगा कि वे युनानिमसली इसको पास करें।

श्री रघुबीर सिंह शास्त्री (बागपत) : सभापति महोदय, यह बिल जिस भावना से लाया गया है वहां तक तो मैं समझता हूं कि सदन के सभी ओर से इस बिल का स्वागत होना चाहिए। परन्तु साथ ही, इस बिल में कुछ ऐसी बातें भी हैं जो हर समझदार और निष्पक्ष व्यक्ति को अखरती हैं। प्रधान मन्त्री की बात बार-बार कही गई, मन्त्री परिषद् के प्रत्येक सदस्य के सम्बन्ध में शिकायतें आएंगी तो लोकपाल के पास कार्यवाही के लिए जा सकती हैं, परन्तु प्रधान मन्त्री को इसमें छोड़ दिया गया है कि वह अछूता रहेगा और यह ऐसी बात है कि जैसे मंडली के हर आदमी की शिकायत होने पर उसे तो पकड़ा जा सकता है पर मंडली के सरदार को नहीं पकड़ा जा सकता है। जब कि बात उलटी होनी चाहिए। मंडली का कोई और छोटा मोटा आदमी चाहे पकड़ा जाय या न

[श्री रघुवीर सिंह शास्त्री]

पकड़ा जाय मंडली के सरदार को सब से पकड़ना चाहिए। हमारा जो प्राचीन साहित्य है चाहे उसमें कौटिल्य शास्त्र को लें चाहे मनुस्मृति को लें उसमें बतलाया गया है कि अगर साधारण व्यक्ति पर या साधारण सरकारी कर्मचारियों पर किसी अपराध के लिए एक रुपया जुर्माना किया जाय, एक दिन की सजा दी जाय तो जितना ऊंचे राजपरिवार की तरफ या ऊंचे राजकर्मचारियों की तरफ चलते जांय उतना ही दण्ड ज्यादा दिया जाय। तो उस व्यवस्था के अनुसार तो मैं समझता हूं कि सरकारी कर्मचारियों को जितना दण्ड मिलता हो उससे अधिक मन्त्री को मिलना चाहिए और उससे अधिक प्रधान मंत्री को मिलना चाहिए क्योंकि वह सबसे ऊंचे बैठता है और जिम्मेदार है उसके लिए।

सभापति महोदय, आज हमारे देश की क्या परिस्थिति है? आज हमारे देश की राजनैतिक परिस्थिति इतनी अनिश्चित है—किस तरह से निर्वाचन होते हैं, किस तरह से निर्वाचन में जाति पाति चलती है, रुपया चलता है, पार्टियों के गठबन्धन चलते हैं, गुटबन्दियां चलती हैं इन हालतों में कौन किस समय प्रधान मन्त्री बन जाय और वह कितने दिन तक रहे यह कहा नहीं जा सकता। इसलिए आज के युग में आप ऐसा कहें प्रधान मन्त्री को जैसे इंग्लैंड में कहते हैं कि सम्राट कभी गलती नहीं कर सकता उसी तरह आप अपने प्रधान मन्त्री को कहें कि प्रधान मन्त्री कभी गलती नहीं कर सकता या उसके ऊपर कोई उंगली ही नहीं उठा सकता तो मैं समझता हूं अकेली इस बात ने सारे बिल की भावना को खत्म कर दिया है। आपको सबसे पहले खुले दिल से यह स्वीकार करना चाहिए कि प्रधान मन्त्री के खिलाफ कोई उंगली उठाएगा तो सबसे पहले प्रधान मन्त्री अपने को खड़ा करेगा, डाक पर खड़ा होगा और कहेगा कि बोलो मेरे खिलाफ क्या शिकायत है? इस बिल में यह बात सबसे पहले आनी चाहिए। इसी तरह से जब यह बिल बन रहा था, जब ज्वाइंटसेलेक्ट कमेटी बैठी थी तो उप-प्रधान मन्त्री का भी पद हमारे देश में या हमारे देश में उप-प्रधान मंत्री भी थे। यह भी हो सकता है कि जब प्रधान मन्त्री को सूट करे दूसरे उप-प्रधान मन्त्री फिर बन जांय। तो उप-प्रधान मन्त्री के ऊपर तो चल सकेगा, उप-प्रधान मन्त्री के खिलाफ शिकायत तो लोकपाल के पास जा सकेगी लेकिन प्रधान मन्त्री के खिलाफ क्यों नहीं जा सकेगी? इसमें क्या दिक्कत है। उप-प्रधान मन्त्री के खिलाफ जा सकती है तो प्रधान मन्त्री के खिलाफ भी जानी चाहिए। शुक्ला जी ने कहा कि एक व्यक्ति को यह अधिकार नहीं दिया जा सकता है कि वह ऐसा निर्णय दे दे कि जिस से सारी सरकार पलट जाय। मैं यह समझता हूं कि अगर एक व्यक्ति के पलटने से एक भ्रष्ट सरकार पलटती हो तो इससे बढ़िया देश के लिए कोई और स्वागत योग्य बात नहीं हो सकती। अगर कोई सरकार भ्रष्ट है और प्रधान मन्त्री उसके लिए जिम्मेदार है तो वह एकदम पलटना चाहिए। और केवल प्रधानमन्त्री के पलटने से पलटी जा सकती है तो उस स्थिति का हमें स्वागत करना चाहिए और उस ओर कदम बढ़ाना चाहिए। आपने यह कहा कि इस में कम्पीटेंट एथारिटी की बात भी है मन्त्रियों के लिए आपने लिखा है कम्पीटेंट एथारिटी प्रधान मंत्री होगा। यह बहुत बढ़िया बात रही। मंडली के लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए मंडली के सरदार को कहा जाय। क्या आप समझते हैं कि जिस तरह से राजनैतिक दबाव आज पड़ते हैं और जिस तरीके से कार्यवाही चलती है इन परिस्थितियों में हर आदमी अपने हृदय पर हाथ रख कर टटोले क्या आज कोई प्रधान मन्त्री या मुख्य मन्त्री इस स्थिति में रह गया है कि अपने साथी मन्त्रियों के खिलाफ कार्यवाही कर सके? अपनी पोलिटिकल एक्सपीडिएन्सी और अपनी हितों में तो कर सकता है लेकिन जनता के हितों को दृष्टि में रखते

हुए और देश के हितों में दृष्टि में रखते हुए किसी भी प्रधान मन्त्री का साहस नहीं है कि किसी भी मन्त्री के खिलाफ कोई कार्यवाही कर सके। इस लिए मेरा कहना यह है कि जहां आपने मन्त्री परिषद् के सदस्यों के सम्बन्ध में कार्यवाही करने के लिए प्रधान मन्त्री को रखा है, वहां प्रधान मन्त्री नहीं होना चाहिए, राष्ट्रपति होना चाहिए या यह संसद होनी चाहिए, प्रधान मन्त्री को अधिकार नहीं होना चाहिए। यह व्यवहारिक नहीं है।

इसके साथ-साथ जैसा कि और सदस्यों ने कहा है कि सैंटर में कोई कानून बनता है तो स्टेट्स भी उनकी नकल करेंगी, जब केन्द्र में यह कानून बन रहा है तो स्टेट्स में भी इसी तरह बनेगा और इसी तरह स्टेट्स में हर एक मुख्य मन्त्री बच निकलेगा, वह भी हाथ नहीं आयेगा। इसलिए स्टेट्स में कोई बचाव न हो जाये, स्टेट्स के मुख्य मन्त्री भी इसमें आ जायं इसके लिए हमें चाहिए कि हम सबसे उदाहरण प्रस्तुत करें कि प्रधान मन्त्री को इसमें रखें।

एक बात और कहना चाहता हूँ। सारे बिल में अगर इसकी कहीं आत्मा देखी जा जा सकती है और आप चाहते हैं कि इसका उद्देश्य पूर्ण हो तो वह सारा इस पर निर्भर है कौन लोकपाल होगा। आपने लोकपाल की नियुक्ति के सम्बन्ध में इस बिल में कोई साफ बात नहीं रखी है।

इसमें यह शर्त होनी चाहिए कि जो लोकपाल नियुक्त होगा वह या तो हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट का रिटायर्ड जज होगा या रिटायर होने वाला जज होगा या कोई बहुत ऊंचे किस्म का कानूनदां होगा। इस किस्म की बात आपको रखनी चाहिए। आपने इसमें धारा 4 में एक बात लिखी है कि संसद का सदस्य नहीं होगा, किसी राजनैतिक पार्टी से से उसका वास्ता नहीं होगा लेकिन साथ ही ह लिख दिया है कि अगर राजनैतिक पार्टी से उसका सम्बन्ध होगा तो उसको त्याग-पत्र देना होगा। मैं इस बात पर बहुत रोष प्रकट करता हूँ। और किसी को लोकपाल नियुक्त करेंगे मैं समझता हूँ उसकी आयु 55 या 60 वर्ष की होगी तो 60 वर्ष तक जो आदमी एक पोलिटिकल पार्टी का मेम्बर रहा है, उसका सक्रिय कार्यकर्ता रहा है, और उससे आशा करते हैं कि आज वह इस्तीफा देकर लोकपाल बन जायेगा और जो उसकी पार्टी के साथी रहे हैं, जो उसके सहयोगी रहे हैं उनके साथ कार्यवाही करने में वह निष्पक्ष रहेगा। इसलिए क्लियरकट इसमें ऐसा होना चाहिए कि लोकपाल वह नियुक्त किया जाये जिसका किसी भी राजनीतिक दल से कभी भी सम्बन्ध न रहा हो।

आपने इस बिल में प्रोसीजर तो साफ नहीं क्या है, शायद रूल्स में प्रोसीजर साफ होगा लेकिन हमारे यहां नीका यह चलता आया है कि जो गुमनाम आरोप आते है, वर्तमान व्यवस्था में उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती और कहा जाता है कि गुमनाम पत्रों पर कार्यवाही करना बड़ा कठिन होता है। लेकिन मैं कहना चाहता हूं आज हमारे देश में जैसी हालत है, जिस तरह अफसरशाही चलती है, जिस तरह से मंत्रियों का दबदबा चलता है उसके रहते हुए आप ऐसी सम्भावना खयाल में रखें कि ऐसे वक्त भी आएंगे जब मंत्रियों के विरुद्ध शिकायत होते हुए भी सरकारी अफसरों के विरुद्ध शिकायत होते हुए भी उनके विभाग के लोग उनकी शिकायत करने का साहस नहीं कर सकेंगे। इसलिए व्यवस्था भी रखनी चाहिए कि कोई गुमनाम पत्र आये और उनमें कोई डाकूमेंट्री प्रूफ रखा गया हो तो कम से कम उनकी प्रिलिमिनरी जांच कर ली जाये, उनको यों ही न फेंक दिया जाये कि ये एनानिमस हैं। अगर उनमें कोई ऐसा सबूत मिले तो आगे उन पर कार्यवाही कराई जाये नहीं तो न कराई जाये।

इन शब्दों के साथ इस बिल में जो व्यवस्था रखी गई है उस व्यवस्था को पूर्ण बनाने के लिए जो मैंने निवेदन किया है, आशा है मन्त्री महोदय और सरकार इस बिल को अन्तिम रूप से पास कराते वक्त उन भावनाओं का भी ध्यान रखेगी।

SHRI UMANATH (Pudukkottai) : After 22 years of rising hatred of the people against increasing corruption under the Congress Raj, the Government has come out with this Bill. But what the people wanted was some serious measures to eradicate corruption itself. For that demand of the people, the Government has offered this Bill. I would say that this is another example of the Congress Party looking at problems upside down. Instead of eradicating the cause of corruption itself, they are tinkering with the effect. Why is it so ? Because, if they are to cut at the root of corruption, if they are to deal with the cause of corruption, then they will have to lay their hands upon Tatas Birlas and the friends of Mr. Lobo Prabhu ; all those big business groups have to be dispossessed which they dare not do. Here is the group in this country's economy which has cornered the bulk of the surpluses generated by this economy and which has got a vast employment potential in their hands. With this power of wealth, this big business group can purchase not only the officials but also the Ministers ; with this employment potential in their hands, they can appoint not only the officers' sons and daughters but also the ministers' sons and daughters, and even the officers themselves as well as the ministers. So long as they are not dispossessed of these powerful possessions in their hands, I do not know how by this Bill they are going to eradicate corruption. Here I would like to quote from a report which says :

> "Corruption can exist only if there is some one willing to corrupt and capable of corrupting. We regret to say that both willingness and capacity to corrupt are found in a large measure in the industrial and commercial classes. The ranks of these classes have been swelled by the speculators and adventurers of the war period. Possession of large amounts of unaccounted money by various persons including those belonging to the industrial and commercial classes is a major impediment in the purification of public life. If anti-corruption activities are to be successful, it must be recognised that it is as important to fight these unscrupulous agencies of corruption, as to eliminate corruption in public services."

17.00 hrs.

This quotation is from Mr. Santhanam Committee's report and not from any Communist document. As per that report, the main impediment is the black money and concentrated wealth possessed by these industrial and commercial classes and the wartime rich. Following these observation, of the Santhanam Committee, the logical steps to be taken to check corruption will be, taking out the black money, prevention of formation of black money and break up of monopolies.

Instead of that, the policies pursued by the Government are creating more and more black money and is giving all protection to black money and is strengthening the monopoly groups. When this is the position, how are they going to eradicate corruption by this Bill ? They may say 'We are now bringing Monopolies Restriction Bill' and that would weaken monopolies. I would like to know from the hon. Minister : is the passage of the Monopolies Restriction Bill going to unearth black money ? It is not going to prevent further concentration of black money ? It is not going to break up the Monopolies. Absolutely not. It is again said by the Government 'We have brought a Bill to ban company donations'. By that are they going to stop donations to political parties ? Instead of donations being found in Book No. 1, they will be transferred to Book No. 2 which will not be shown to the tax assessment officers. So the donations will continue underground. That is all that will happen. Even after the passage of the Bill, it is not going to serve the purpose.

Then the other source of corruption is the western business interests. In this connection I would like to bring to your notice another quotation. Referring to the Santhanam Committee report, the writer says :

> "One important question on which the report of that Indian Committee is silent is the role played by western business interests competing for markets in South Asian countries, or embarking on direct investments in industrial enterprises there, either independently or in joint ventures with indigenous firms or with governments. Western business representatives never touch on this matter

publicly, but as the writer can testify, in private conversation they are frank to admit that it is necessary to bribe high officials and politicians in order to get a business deal through...These bribes, they say, constitute a not inconsiderable part of their total costs of doing business in South Asian countries Among the western nations, French, American and especially West German companies are usually said to have the least inhibitions about bribing their way through. Japanese firms are said to be even more willing to pay up."

I have quoted not from any Communist author but from the book "Asian Drama" published by Twentieth Century Fund Study. The book is written by an American, Mr. Gunnar Myrdal On the Board of Study Prof. Galbraith is also there. I would like to know whether the Government have taken any measures to see that this source of corruption is plugged. Absolutely not. In fact Santhanam Committee's report failed even to take note of this vast source of corruption.

Then, coming to the other question—the question of including the Prime Minister—our Party stands for the inclusion of the Prime Minister. It is a very strange argument advanced by Mr. Shukla. In the Joint Committee he said 'Can there not be a single individual who is not corrupt'. Of course, I do agree that there can be a single individual who is not corrupt, but that may be an ordinary Minister, not necessarily the Prime Minister. We say foursquare that Prime Minister must be included in this Bill It may be asked of us 'What about Kerala? You are opposed to the Chief Minister being included.' We are opposed to the Chief Minister being included because the Congress Party is very particular that the Prime Minister is excluded from the Bill They cannot have it both ways. They cannot have the cake as well as eat it. If they want to have the cake, let them not eat it. I make a serious offer on behalf of my party. You cannot have all the advantages. You cannot have the advantage of maliging the Chief Minister of a State if he does not belong to your party and the advantage of protecting your Prime Minister if he or she does any such thing. Let the Congress Party come forward and make up its mind to accept the amendment here which wants the Prime Minister to be included within the scope of this Bill and the Marxist party will agree to include the Chief Minister also within the purview of this Bill in Kerala?

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor): I generally welcome the Bill which is something which should have come much earlier. We talk of corruption that is going on in the country. When we try to introduce Ombudsman in the country, it is a very great departure from the usual machinery which is there to deal with corruption or corrupt practices. There are Vigilance Commissioners; there are complaints being looked into by the UPSC, and other branches of the Administration. It is the common belief and it is also a substantial belief that all these efforts taken so far have only touched the fringe of the problem of corruption and these have hot been tackled in the way it should have been tackled if the country is to go forward.

If we give a judicial authority for tackling the question of corruption at the political, bureaucratic level and in the public services, it is certainly a very bold step.

But, one thing I would like to say. It is this. We would like to watch the operation of this enactment for sometime in the country. We would like to guard ourselves from being too enthusiastic about it. Because, it may turn out to be not as effective as we liked it to be.

Indian corruption is certainly not that much worse as Shri Umanath tried to point out. He mentioned this and the quotation relates to certain countries of South Asia, etc. Compared to other countries, the position in India is not that bad. It is true that certain foreign interests do pay commission. Certain purchases are made in western countries and commission is also paid. It is very unfortunate that commissions are paid whenever public purchases are made. That commission will raise the price of such commodities by say, 10%, so that the amount is paid. A matter like this came up here also in Parliament a few days ago. Some of us really expressed our shock and surprise at certain state of things which have come to light in the Indian Airlines.

It is true that a lot of dishonourable practices exist at various levels and at higher levels. It is necessary to tackle them firmly,

[Shri Bedabrata Barua]

The question is whether the Lokpal and Lokayuktas Bill will do it. To the extent that this Bill does not suffer from some of the defects that are there, it is good that we have such a Bill which is an arm in the hands of Parliament. It is a good weapon to fight corruption with, to fight the tie-up between bureaucracy and big business.

Then there is the tie-up between politicians and big business. Then there is the tie-up between all the three. This tie-up is going to destroy our democracy. There is no use our sitting here and talking about democracy and rules of procedure while the whole country is ruined by this tie-up which is very dangerous. We should be able to cut the links of this tie-up.

When we say that the Prime Minister should be excluded from the purview of this Bill, what we mean is that after all, there is a point at which you must stop. We have, for example, the Vigilance Commission, now the Lokpal and Lokayuktas. Can we hand over to them the right to elect the Prime Minister or the political administrators? It is not a good thing to place the politicians under the dual control of the public and some other body. So far as cleanliness in political life is concerned, in another 10 or 15 years, we should also be able to develop conventions and practices whereby politicians would also be responsible to people for honourable conduct and they would not be able to take bribes and do other undesirable things and still get elected by the people.

So far as MP's are concerned, to exclude them was a correct decision. MP's can just exert influence. It does not matter how much influence they exert. They cannot act. So it is right that they should be excluded and there should be no question raised about it.

श्री एस० एम० जोशी (पूना) : सभापति महोदय जी, सदन के सामने जो विधेयक है उसके पीछे जो भावना है और जिस सिद्धान्त पर वह बिल आधारित है या उसके जो मकसद हैं, उसका तो मैं स्वागत करता हूं। मगर मुझे जरूर ऐसा लगता है कि यह विधेयक बहुत ही देर बाद आया है। जब हम लोगों ने स्वराज्य हासिल किया तो एक विवाद चल रहा था पहले जमाने में कि क्या हम सुराज्य से स्वराज को ज्यादा पसन्द करते हैं ? हम लोग कहते थे कि हां स्वराज्य को ले कर आगे चल कर हम सुराज्य भी बना सकते है। चूंकि हमारा देश गरीब है इसलिए बहुत सारी बातें करनी पड़ती हैं, जैसे कि देश में प्लानिंग करना पड़ता है। प्लानिंग जब आता है तो उसमें कंट्रोल भी आते हैं। जीवन के लिए आवश्यक जो चीजें हैं उन का अगर वितरण ठीक तरह से करना है तो उसके लिये भी कंट्रोल के साथ करप्शन भी आ जाता है। मगर जो एक अनिवार्य चीज है उसको हमें लेना पड़ेगा। आदमी मर रहे हैं अगर हम कहें कि राशनिंग नहीं करेंगे तो काम नहीं चलेगा। दो खराबियों में से जो कम खराब चीज है उसको हम कबूल करते हैं। तो इसको लेकर हमारे देश में भ्रष्टाचार बढ़ रहा है।

दूसरी बात यह है कि स्वराज्य हासिल होने के बाद हम लोग पैसे की उपासना कर रहे हैं। पहले जमाने में जिन मूल्यों को हम पसन्द करते थे, वह अब नहीं है। अब मूल्य बदल रहे हैं, और इलेक्शन भी ऐसे हो रहे हैं कि जिसमें रुपये पैसे बहुत लगते है। मैं भी एक गरीब आदमी हूं, फिर भी 28,000 रु० खर्च करने पड़े भीख मांग कर, और बड़े-बड़े लोग तो लाख, लाख रुपये खर्च करते हैं। यह रुपया हासिल करने के लिये कोशिश करनी होती है, चाहे वह पार्टी की तरफ से हो चाहे व्यक्ति की तरफ से हो। तो यह चीज हमको माननी चाहिये।

आज हम देखते हैं कि प्रशासन भी कहां तक गिर चुका है। मैं 10 साल असेम्बली में रहा, सभापति जी, आपके साथ ही रहा, और अभी यहां आया हूं। लोग यह समझते थे कि जब इन लोगों को चुन कर वहां भेजेंगे तो हमारी शिकायतें यह दूर कर सकते हैं। मगर यहां चिल्लाने से कुछ नहीं होता। मैं देख रहा हूं कि यहां कुछ होता नहीं और वहां भी कुछ होता नहीं। प्रशासन के हाथ में आज इतने

अधिकार हैं कि उसको लेकर जो चाहें कर सकते हैं।

